Naidunia (Indore), 28th April 2026, Page-02

तीन मई को नीट यूजी, जिले में 57 परीक्षा केंद्रों पर 23 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

नीट यूजी के संचालन को लेकर प्रशासन ने बुलाई बैठक। • सौजन्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर: मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश को लेकर होने वाली नीट यूजी तीन मई को आयोजित होगी। तैयारी को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक हुई। इसमें परीक्षा के सुचारु व सुरक्षित संचालन पर चर्चा की गई। अकेले इंदौर जिले में कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। 23160 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य व अन्य व्यवस्थाओं को मंजबूत किया है।

विशेष बस सेवा भी : परीक्षार्थियों की के लिए प्रशासन ने विशेष बस सुविधा रखी है। ये बसें सुबह नौ बजे से रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से उपलब्ध रहेंगी व अलग-अलग रूटों पर चलेंगी। ये बसें सांवेर, आइआइटी सिमरोल, आइआइएम और महू से मिलेंगी। परीक्षा के बाद शाम पांच बजे से वापसी की व्यवस्था भी है।

जनरेटर की व्यवस्था: परीक्षा के दौरान प्रत्येक केंद्र पर पुख्ता बिजली व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं। यहां तक कि जनरेटर लगाने पर जोर दिया गया है। साथ ही मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है और पांच प्रमुख केंद्रों पर एंबुलेंस भी उपलब्ध रहेगी। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए व्हीलचेयर जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगी।

तीन स्तर पर चेकिंग: नकल रोकने के लिए विशेष चेकिंग व्यवस्था की गई है। तीन स्तर पर परीक्षार्थियों की तलाशी ली जाएगी। प्रवेश पत्र देखने के बाद मेटल डिटेक्टर से जांच होगी। फिर प्रवेश पत्र-फोटो आइडी के अलावा बायोमैट्रिक से भी परीक्षार्थियों का मिलान किया जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल रहेगा और गोपनीय सामग्री को सुरक्षित पहुंचाने के लिए पुलिस एस्कार्ट की व्यवस्था की गई है। केंद्रों के पास अनावश्यक भीड़ पर रोक रहेगी और केवल अधिकृत लोगों को ही प्रवेश मिलेगा।